आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 05.03.2026 समय : 02.10pm

रायसीना डायलॉग

भारत का प्रमुख भू-राजनीति सम्मेलन रायसीना डायलॉग का 11वां संस्करण आज से नई दिल्ली में शुरू हो रहा है, जो 7 मार्च तक चलेगा। इस बार फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब मुख्य अतिथि होंगे। श्रीलंका, भूटान और रवांडा के विदेश मंत्री भी इस सम्मेलन में शिरकत के लिए नई दिल्ली पहुंच चुके हैं। यह मंच भू-राजनीतिक गठबंधन, जलवायु परिवर्तन, तकनीक और इंडो-पैसिफिक जैसे अहम मुद्दों पर दुनियाभर के नीति-निर्माताओं, विशेषज्ञों और उद्योगपतियों को एक मंच पर लाता है।

कंट्रोल रूम

इजराइल-ईरान युद्ध के बीच मोहन यादव सरकार ने खाड़ी देशों में रह रहे प्रदेशवासियों की मदद के लिए नई दिल्ली स्थित मध्य प्रदेश भवन में चौबीसों घंटे चलने वाला कंट्रोल रूम स्थापित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि खाड़ी देशों में गए प्रदेश के लोग किसी भी मुश्किल में इस कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकते हैं। मदद के लिए फोन नंबर 011-26772005, व्हाट्सएप नंबर 9818963273 और ईमेल mphelpdeskgulf@gmail.com पर संपर्क किया जा सकता है।

नीतीश कुमार राज्यसभा

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया। बता दें कि दस राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया आज समाप्त हो रही है और मतदान 16 मार्च को होगा, जिसके नतीजे उसी दिन घोषित किए जाएंगे। उम्मीदवार नौ मार्च तक अपना नाम वापस ले सकते हैं।

प्रेम-सेवा संकल्प दिवस

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आज जन्मदिन विदिशा में 'प्रेम-सेवा संकल्प दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सहायता और प्रतिभा प्रोत्साहन से जुड़े पांच बड़े संकल्प लिए। विदिशा संसदीय क्षेत्र की सभी आठ विधानसभा सीटों मोबाइल क्लीनिक शुरू करने के बारे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया-

मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस

स्पेन के बार्सिलोना में चल रही मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में भारत ने डिजिटल समावेशन का जोरदार आहवान किया है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि दुनियाभर में तीन अरब से ज्यादा लोग अभी भी डिजिटल सुविधाओं से वंचित हैं और इस खाई को पाटना बेहद जरूरी है।

भाईदूज

ग्वालियर की सेंट्रल जेल में आज भाईदूज का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर एक हजार से ज्यादा बहनें जेल में बंद अपने भाइयों को तिलक लगाने पहुंची हैं। जेल के बाहर सुबह से ही काउंटर लगाए गए हैं। जहां पूरी जांच-पड़ताल के बाद ही बहनों को भाइयों से मिलने दिया जा रहा है।

क्रिकेट टी20 विश्व कप

आईसीसी टी20 विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला आज भारत और इंग्लैंड के बीच होगा। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शाम 7 बजे से मैच खेला जाएगा। पहले सेमीफाइनल मुकाबले में कल रात न्यूज़ीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हरा दिया है।

मौसम

अब बात मौसम की. कल प्रदेश के कई शहरों में पारा 37 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जो सामान्य से करीब तीन डिग्री ज्यादा है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले चार दिनों में तापमान में दो से चार डिग्री और बढ़ोतरी हो सकती है. हालांकि 6 मार्च से पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना भी जताई जा रही है।

समाचार संक्षेप में :-

- भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर उड़ान यात्री कैफे शुरू होने जा है। मुख्यालय से स्वीकृति मिलने के बाद एयरपोर्ट पर फूड काउंटर शुरू किया जाएगा।
- आगरमालवा में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कल युवा संगम रोजगार मेले में का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक युवा इसमें भाग ले सकते है।
- शिवपुरी में आज भाई दूज का पर्व उत्सव और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान बहने अपने भाइयों की लंबी उम्र की कामना करते हुए उनका टीका कर रही है।
- रायसेन के साँची मार्ग स्थित पुलिस लाइन परिसर में आज 'पुलिस होली मिलन समारोह' का आयोजन किया गया।